दिन—बुधवार   दिनांक— 19 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः— 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने में ज्ञान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। श्री मोदी ने राजगीर में आज नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्‌घाटन करने के बाद सुषमा स्वराज सभागार में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपनी शिक्षा और ज्ञान प्रणाली को मजबूत कर महाशक्ति का स्थान हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के सामने हमारी पहचान और परंपराओं का एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का नया स्वरूप उभरते भारत की क्षमता और ताकत का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार प्राचीन परंपराओं के लोकाचार पर काम कर रही है इसलिए साथ मिलकर विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कडी में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन को भी मजबूत बनाया जा रहा है। श्री मोदी ने दोहराया कि उनकी सरकार भारत को शिक्षा क्षेत्र में नई पहचान दिलाकर एक बड़े ज्ञान केंद्र के रूप में फिर से स्थापित करने का प्रयास कर रही है।

विदेश मंत्री सुब्रहमण्यम जयशंकर ने इस अवसर पर कहा कि वे ज्ञान के एक वैश्विक पुल के पुनरुद्धार को देख रहे हैं जो अतीत की तुलना में और भी मजबूत रिश्ते बना सकता है। डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि शिक्षा, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण अंतरराष्ट्रीय समझ को बढ़ावा देने के सबसे प्रभावी तरीके हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। प्राचीन काल में नालन्दा विश्वविद्यालय की पहचान शिक्षा के केन्द्र के रूप में थी। प्रधानमंत्री ने विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहरों का भी दौरा किया। इस अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, अन्य प्रतिनिधि और सत्रह देशों के राजदूत भी उपस्थित थे।

———————————————————————

नीट—यूजी पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई— ईओयू का नोटिस मिलने के बाद दो परीक्षार्थी पटना स्थित एजेंसी के कार्यालय पहुंचे हैं। अभ्यर्थियों से नीट पेपर लीक को लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में ईओयू ने नौ

अभ्यर्थियों को नोटिस भेजकर अठारह और उन्नीस जून को पूछताछ के लिए बुलाया था। यह सभी छात्र राज्य के अलग–अलग जिलों के हैं।

———————————————————————

प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के मौसम के रूख में खासा अंतर देखने को मिल रहा है। राज्य के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर जहां भारी बारिश हुयी है, वहीं, दक्षिणी हिस्सा लू की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज जिले के ठाकुरगंज और पोठिया में बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी है। ठाकुरगंज में दो सौ छप्पन मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, अररिया, पूर्णियां और सुपौल समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। इधर, औरंगाबाद लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

डाक घर अधिनियम दो हजार तेईस प्रभावी हो गया है। इसने भारतीय डाक अधिनियम अठारह सौ अंठानवे का स्थान लिया है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था सहित निर्दिष्ट आधारों पर भारतीय डाक के माध्यम से भेजी जाने वाली किसी भी वस्तु को सरकार, गंतव्य तक पहुंचने के पहले बीच में ही रोक सकती है। ऐसा किसी भी आपातकाल की स्थिति में या सार्वजनिक सुरक्षा और शांति को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के लिए जनता से सुझाव मांगे हैं। यह कार्यक्रम इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी से प्रसारित किया जाएगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सुझाव मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर– एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर रिकार्ड संदेश के रूप में भेजे जा सकते हैं।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के बरबीघा नगर क्षेत्र के माहुरी टोला में एक निजी बैंक के कर्मी से अस्सी हजार रूपया लूट लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले की साईबर पुलिस ने एटीएम से छेड़छाड़ कर बड़े पैमाने पर राशि की निकासी करने वाले अंतरप्रांतीय गिरोह का चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस उपाधीक्षक अनु कुमारी ने बताया कि इस गिरोह ने जिले के लगभग चालीस एटीएम से राशि की निकासी की थी। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।